तापमान
अधिकतम 32.7 डिग्री
न्यूनतम 12.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 19 मार्च 2026

12 एक एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी ...


12 नवनियुक्त सांसद बौद्ध का किया सम्मान


## खबर संक्षेप

### शाहबाद से अपहरण की गई युवती जालंधर से बरामद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस को अपहरण की गई युवती को बरामद करने में बड़ी सफलता मिली है। जिला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शाहबाद से अपहर्त युवती को पंजाब के जालन्धर से बरामद करने में सफलता हासिल की है। परिजनों ने अज्ञात युवकों पर अपहरण की आंशका जताई थी। पुलिस की टीमों द्वारा पंजाब के विभिन्न स्थानों पर छानबीन की गई। शाहबाद चौकी की टीमों ने संदिग्ध परिस्थितियों में लापता युवती को पंजाब के जालन्धर से सकुशल बरामद कर लिया।

### निर्माणाधीन मकान से हजारों का सामान चोरी

**यमुनानगर।** विशाल नगर कॉलोनी में बन रहे निर्माणधीन मकान से चोरों ने हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की भाटिया की चक्की निवासी विक्रम प्रसाद ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह शहर की विशाल नगर में मकान का निर्माण करवा रहा है। 16 मार्च को शाम के समय वह मकान से काम खत्म करवा कर घर लौट आया था। अगली सुबह जब वह अपने निर्माणधीन मकान पर पहुंचा तो उसे वहां रखा सामान गायब मिला।

### चोरों ने बस स्टैंड से चुराया महिला का बैग

**यमुनानगर।** चोरों ने यमुनानगर बस स्टैंड से एक महिला का बैग चोरी कर लिया। बैग में 10 हजार रुपए, कपड़े, आधा तोला सोने की अंगूठी तथा मोबाइल था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव फतेहगढ़ निवासी संजीव कुमार ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मां शोभा देवी 15 मार्च को दोपहर तीन बजे रिश्तेदारी में जाने के लिए यमुनानगर बस स्टैंड पर आई थी। इस दौरान वह बस स्टैंड पर काउंटर नंबर छह पर बैठी थी। उसने अपने बैक को अपने नजदीक साइड में रख दिया और बस का इंतजार करने लगी। कुछ देर बाद उसे वहां से बैग गायब मिला।

### अवैध रूप से पेट्रोल बेचते दुकानदार को पकड़ा

**यमुनानगर।** अमेरिका ईरान युद्ध के बीच पेट्रोलियम पदार्थ में होने वाली कमी की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन व मुख्यमंत्री उड़न दस्ता की टीम ने भी विशेष निगरानी करनी शुरू कर दी है। इस दौरान मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीम ने साढ़ौरा क्षेत्र में छापामारी कर अवैध रूप से पेट्रोल बेचने के मामले में एक दुकानदार को दबोचा है। साढ़ौरा थाना पुलिस ने आरोपी दुकानदार के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने झंडी दिखाकर शोभायात्रा को किया रवाना

**मां भद्रकाली शक्तिपीठ में नवरात्रि का भव्य आगाज**

# 2100 कलशधारी महिलाओं संग निकली शोभायात्रा

*अतिथियों ने मां की कंजक श्लोका पंडित का कन्यापूजन किया*

तरुण वधवा ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में 18 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलने वाले नवरात्रि आनन्द महोत्सव की भव्य शुरूआत हुई। इस अवसर पर मंदिर परिसर से भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने धर्मपत्नी मित्रा घोष सहित धर्म ध्वज फहराकर व बड़ी घड़ोल बजा कर नगर परिक्रमा के लिए रवाना किया। जिसके बाद धर्म ध्वज को धर्म ध्वज स्तम्भ पर स्थापित किया गया और शंखनाद के बीच उनके द्वारा घडोल व घंटा नाद किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी मौजूद रहे। सर्वप्रथम राज्यपाल के स्वागत में पारंपरिक ढोल वंदन किया गया व पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा के सानिध्य मे टीम शक्तिपीठ द्वारा पुष्प गुच्छ द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। तत्पश्चात गुरुजी द्वारा महामहिम व उनकी धर्मपत्नी को मां की शक्ति चुनरी, तिलक व अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। अतिथियों ने मां की कंजक श्लोका पंडित (कुहू) का कन्यापूजन किया।




**कुरुक्षेत्र।** शोभायात्रा में शामिल कलशधारी महिलाएं एवं शोभायात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करते राज्यपाल प्रो. असीम घोष।

### हल्दी, चन्दन, दूध, दही, गंगाजल, शहद, कुमकुम व पुष्प दान किया

अतिथियों ने मां सती का चांदी चरण पूजन किया जिसमें उन्होंने हल्दी, चन्दन, दूध, दही, मखन, गंगाजल, शहद, कुमकुम, गुलाब जल व पुष्प दान किया। तिरंगा रूपी गुब्बारों के तीन गुच्छों को आसमान में छोड़ा गया। इससे पहले पहले दिन की शुरूआत प्रातः कालीन मंगला आरती मुख्य पुजारिन शिमला देवी द्वारा की गई जिसमें दीपक बहल मुख्य यजमान के रूप में सम्मिलित हुए। तत्पश्चात प्रातः 8 बजे सुनील शर्मा द्वारा कलश पूजन किया गया।

### 108 फुट ऊंचे स्वर्णिम रंग से रंगित गुंबद पर ध्वजारोहण किया

पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा के सान्निध्य में प्रातः 9 बजे परम्परानुसार अध्यक्ष महोदय नरेंद्र वालिया द्वारा गणेश द्वार पर और 108 फुट ऊंचे विशेष स्वर्णिम रंग से रंगित गुंबद पर ध्वजारोहण किया गया। महामहिम राज्यपाल ने अपने निजी कोष से मंदिर संस्था को 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि ऐसी भव्य शोभायात्रा में सम्मिलित होकर वो अपने आप को सौभाग्यशाली मानते है और पूरे हरियाणा की उन्नति की मनोकामना करते हैं।

### शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत

पीठाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि शोभायात्रा में मां भद्रकाली ज्योति रथ , हजारों कलशधारी महिलाए, 1100 झंडे , 52 शक्तिपीठों के 52 चांदी त्रिशूल , 11 गोल ध्वज पताका , 101 विशेष "जय मां छतरी, 11 गदा भी मां भद्रकाली जी की शोभा को बढ़ा रही थी । 21 ढोल, पाइप बैंड बाजा , मां काली के 8 स्वरूपों को दशार्ते माँ भवानी के विभिन्न रथ, सिंदूरी हनुमान, बाहुबली हनुमान, कुल 26 रथों पर भारत माता, श्री गणेश , हनुमान , नवदुर्गा , लक्ष्मी जी, महाकाली जी, सरस्वती जी, महिषासुर मर्दिनी, राधा कृष्ण, यशोदा कृष्ण, अयोध्या धाम की झांकी निकाली गई।

### मंदिर में अन्नपूर्णा भंडारा दिया

नगरदेवी मां भद्रकाली जी की ज्योति धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र को प्रकाशमान करते हुए मंदिर से निकलकर रोटरी चौक, पुराने बस स्टैंड, आंबेडकर चौक, सेक्टर 17 मार्केट, वालिया बिल्डिंग, पारस सिनेमा, गोल बैंक चौक, न्यू कॉलोनी, अमीन रोड, छटी पातशाही गुरुद्वारा, आंबेडकर चौक, कच्चा घेर,मोहन सिनेमा, शास्त्री मार्केट, दर्रा खेड़ा, शेख चिल्ली का मकबरे से होते हुए वापिस मां भद्रकाली शक्तिपीठ में सांय 6 बजे प्रतिस्थापित हुई। शाम 5 बजे नीलम, दिनेश कंसल झांसा वाले द्वारा मंदिर में अन्नपूर्णा भंडारा दिया गया। महाआरती मे मुख्य अतिथि के रूप में कुरुक्षेत्र एसपी अग्रवाल एवं मुख्य यजमान के रूप में जय भगवान शर्मा उपस्थित रहे।

# इंद्री के पास पश्चिमी यमुना नहर से मिले पशुओं के अवशेष

- पशुओं के अवशेषों को पोस्टमार्टम के लिए करनाल के पशुधन केंद्र भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री



इंद्री के नजदीक के गांव धमनहेड़ी के पास पश्चिमी यमुना नहर में पशुओं के अवशेष मिलने का मामला सामने आया है । नहर में पशुओं के अवशेष मिलने की घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। राहगीरों ने जैसे ही नहर मे पशुओं के अवशेष देखे तो तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी । सूचना पर इंद्री के डीएसपी सतीश गौतम व थाना प्रभारी विपिन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू कर दी। गोरक्षकों ने मौके पर पहुंच कर पशुओं के अवशेषों को नहर से बाहर निकाला। पुलिस टीम ने मौके से पशुओं के अवशेषों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल के पशुधन केंद्र भेज दिया है ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि नहर से करीब आठ गोवंशों के अवशेष बरामद हुए हैं। मौके पर पहुंचे गो रक्षा दल मोनू पहलवान, अंकित, मोनु धीमान, मुकेश सैनी संदीप सैनी, विष्णू, सोनू, बलदेव आदि ने बताया कि मामला गोहत्या से जुड़ा लगता है।

### लॉरेंस गैंग का सदस्य बताकर युवक से मांगी पांच लाख की रंगदारी

**यमुनानगर।** रादौर क्षेत्र के गांव मंसूरपुर में एक युवक को इंस्टाग्राम के माध्यम से जान से मारने की धमकी देकर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि धमकी देने वाले व्यक्ति ने खुद को कुख्यात लॉरेंस गैंग का सदस्य बताया। पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ के स्टार्च कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव मंसूरपुर निवासी गौरव ने रादौर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 जनवरी को उसे इंस्टाग्राम आईडी से कॉल आई। आरोपी ने खुद को कुख्यात लॉरेंस गैंग का सदस्य बताया। आरोपी ने उससे पांच लाख रुपये की मांग की और पैसे न देने पर उसे तथा उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने उसे बताया कि वह उसकी गतिविधियों और परिवार पर नजर रख रहा है। गौरव ने बताया कि आरोपी इंस्टाग्राम के माध्यम से उसे लगातार डराने-धमकाने वाले संदेश भेजे गए।

**रादौर के गांव मंसूरपुर में इंस्टाग्राम के माध्यम से धमकी**

### यमुनानगर: संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने की आत्महत्या

यमुनानगर। थाना प्रताप नगर स्थित पाल ढाबा फैजपुर के पास एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। मृत्यु के भाई ने चार लोगों पर उसे आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव चिम्माबांस निवासी सहमान ने प्रताप नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका भाई सोनू गांव फैजपुर के नजदीक स्थित पाल ढाबा पर काम करता था। इस दौरान 16 मार्च को रात साढ़े आठ बजे उसे सूचना मिली थी कि उसके भाई सोनू ने आत्महत्या कर ली है। वह मौके पर पहुंचा। जांच के दौरान उसे पता चला कि उसके भाई को सोनू पांचाल, संतकुमार, सुनील रावत व सतीश चौधरी ने आत्महत्या के लिए उकसाया है। आरोपियों ने उसके भाई के साथ अभद्र व्यवहार भी किया।

**चार आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में किया केस दर्ज**

## म्हारी सड़क पोर्टल की मैपिंग में लापरवाही पर कार्रवाई

# बड़ा एक्शन: पानीपत में नगर निगम के दो जेई निलंबित

- दोनों को अपनी हाजरी निगम में दर्ज करनी होगी मुख्यालय छोड़ने की अनुमति एडिशनल कमिश्नर विवेक चौधरी से लेनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत नगर निगम पानीपत में प्रशासनिक कार्यों में कोताही बरतने वाले जूनियर इंजीनियर शिवराज व राजकुमार को सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट 'म्हारी सड़क' पोर्टल या ऐप पर शिकायतों की मैपिंग में रुचि नहीं लेने पर पद से निलंबित कर दिया है। दोनों को पद से निलंबित करने के लिखित निर्देश एडिशनल कमिश्नर विवेक चौधरी द्वारा जारी किए गए है। एडिशनल कमिश्नर विवेक चौधरी ने कहा कि दोनों को लेटर जारी कर 19 मार्च तक जबाब देने को कहा गया है। जबाव मिलने पर आगामी आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। चौधरी द्वारा जारी किए गए निलंबन आदेश में स्पष्ट किया गया है कि निदेशालय स्तर से समय-समय पर 'म्हारी सड़क' पोर्टल पर वार्डों की मैपिंग करने के निर्देश दिए गए थे। नगर निगम कमिश्नर ने बैठकों और आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से बार-बार चेतावनी दी थी, इसके बावजूद भी दोनों जूनियर इंजीनियर शिवराज व राजकुमार ने कार्य में कोई रुचि नहीं दिखाई। इसी लापरवाही का नतीजा रहा कि पूरे हरियाणा में पानीपत नगर निगम का प्रदर्शन सबसे निचले स्तर पर पाया गया। नौ फरवरी को चंडीगढ़ में आयुक्त एवं सचिव, शहरी स्थानीय निकाय विभाग की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में पानीपत नगर निगम के खराब प्रदर्शन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई थी। इसके बावजूद, 16 मार्च को जब निदेशालय ने दोबारा समीक्षा की, तो इन अधिकारियों के कार्य में कोई प्रगति नहीं मिली। सरकार और उच्चाधिकारियों की इस नाराजगी के बाद कमिश्नर के निर्देशों पर यह सख्त कार्रवाई अमल में लाई गई है। वहीं, शिवराज व राजकुमार का हैड क्वार्टर पानीपत निगम को ही बनाया गया है, प्रति दिन दोनों को अपनी हाजरी निगम में दर्ज करनी होगी, दोनों को मुख्यालय छोड़ने की अनुमति एडिशनल कमिश्नर विवेक चौधरी से लेनी होगी। दूसरी ओर, दो जेई पर निलंबन जैसी सख्त कार्रवाई से निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। इधर, एसी चौधरी ने स्पष्ट किया है कि जनहित से जुड़े पोर्टल और सरकारी योजनाओं की मैपिंग में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




## केयू में गोयल अवार्ड पुरस्कार समारोह 3 अप्रैल को

# प्रो. अनिरुद्ध, प्रो. थलप्पिल, प्रो. परमजीत और प्रो. श्रीराम रामास्वामी होंगे सम्मानित

*वैज्ञानिकों ने मानवता के कल्याण में भी अभूतपूर्व दिया है योगदान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 3 अप्रैल 2026 को देश के चार अग्रणी प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों को गोयल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु एवं गोयल पुरस्कार आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि गोयल पुरस्कार पुरस्कृत होने वाले देश के चार महान वैज्ञानिकों मुंबई से प्रो. अनिरुद्ध पंडित (अनुप्रयुक्त विज्ञान), चेन्नई से पद्म श्री प्रो. थलप्पिल प्रदीप (रसायन विज्ञान), दिल्ली से प्रो. परमजीत खुराना (जीव विज्ञान) और बैंगलोर से प्रो. श्रीराम रामास्वामी (भौतिक विज्ञान) शामिल हैं जिन्होंने शोध के माध्यम से न केवल विज्ञान बल्कि मानवता के कल्याण में भी अभूतपूर्व योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय वर्ष 1992 से निरंतर देश के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिकों को सम्मानित कर रहा है और यह गौरव प्राप्त करने वाला देश का एकमात्र विश्वविद्यालय है। चयनित प्रत्येक वैज्ञानिक को सम्मान स्वरूप 2 लाख रुपये नकद, एक स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि गोयल पुरस्कारों की गौरवशाली परंपरा की नींव 1990 में अमेरिका निवासी प्रवासी भारतीय स्व. राम एस. गोयल ने रखी थी। 3 अप्रैल को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले भव्य पुरस्कार सम्मान समारोह में देश भर के दिग्गज वैज्ञानिकों भी उपस्थित होंगे।

### प्रो. अनिरूद्धा पंड़ित ने विज्ञान-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश का गौरव बढ़ाया



मुंबई में जन्मे प्रख्यात रासायनिक अभियंता प्रो. अनिरूद्धा बालचन्द्र पंड़ित ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देकर देश का गौरव बढ़ाया है। विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में उनके योगदान ने न केवल भारत को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाई है, बल्कि युवा वैज्ञानिकों के लिए प्रेरणा भी स्थापित की है। 7 दिसंबर 1957 को जन्मे प्रो. पंडित वर्तमान में इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी के कुलपति के रूप में कार्यरत हैं, जिसके परिसर मुंबई, जालना और भुवनेश्वर में स्थित हैं। उन्होंने वर्ष 1980 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से बीटेक तथा 1984 में यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी (यूडीसीटी) से पीएचडी पूरी की।

खबर संक्षेप

### राम नवमी समिति की ओर से निकाली जाएगी शोभायात्रा



**रादौर।** श्री राम नवमी आयोजन समिति रादौर के सदस्यों द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य कस्बा में रामनवमी के पर्व पर विशाल शोभायात्रा निकालने को लेकर था। जानकारी देते हुए समिति के सदस्य अमित काम्बोज, डॉ. बलदेव सैनी ने बताया कि रामनवमी के पर्व पर रादौर के समस्त संत समाज सहित पंचमुखी मन्दिर रादौर के महंत बाबा सीता राम, शंकराचार्य स्वामी महेशाश्रम दंडी स्वामी, यमुनागिरी शास्त्री, रामविचार वाटिका के महंत उदय आत्मानन्द पूरी के नेतृत्व में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शोभायात्रा शुक्रवार 27 मार्च को पंचमुखी हनुमान मंदिर रादौर से शुरू होकर पूरे बाजार से होती हुई पंचमुखी मन्दिर में ही सम्पन्न होगी। इस अवसर पर समिति के सदस्य डॉ. बलदेव सैनी, मंगत राम बठला, सीनियर पार्षद भगवत दयाल कटारिया, पार्षद विनीश राणा, गुरदयाल सैनी, विनय जिंदल, प्रवीण सैनी, शेखर राणा, सुखबीर नामदेव आदि मौजूद रहे।

### अनाधिकृत कालोनियों पर चला निगम का पीला पंजा

**पानीपत।** जिला योजनाकार विभाग की ओर से बुधवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया, जिसमें चार अनाधिकृत निर्माणों और पांच अनाधिकृत कालोनियों को ध्वस्त किया गया। इन कॉलोनियों में निर्माणाधीन मकान, 10 डीपीसी (नींव), संपूर्ण कच्ची सड़क नेटवर्क और सीमांकन शामिल थे, जिन्हें चार जेसीबी मशीनों की सहायता से हटाया गया। यह कार्रवाई भैंसवाल, सिवाह खेड़ी, उग्राखेड़ी, मखदूमजादगान, रिसालू, जलपाड़, बेरहामपुर और कुराड गांवों के राजस्व क्षेत्र में की गई, जो तहसील पानीपत और बापौली के अंतर्गत आते हैं। इस क्षेत्र का कुल क्षेत्रफल लगभग 37 एकड़ है। वहीं, विभाग की ओर से जनता से अपील की गई कि अवैध कालोनियों में प्लाट ना खरीदे। दूसरी ओर, अवैध कालोनियों को कटने नहीं दिया जाएगा, ऐसा करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### दो ट्रक टकराए, आग लगी, जीटी रोड पर जाम

**पानीपत।** पानीपत में जीटी रोड पर दिल्ली से करनाल जा रही लेन पर कंटेनर का टायर फटने गया और वह अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कंटेनर के कैबिन में भीषण आग लग गई। वहीं, कंटेनर व ट्रक के चालकों व खलासी ने अपने वाहनों से कूद कर अपनी जान बचाई। इधर, दो वाहनों की टक्कर व आगजनी के चलते करनाल लेन पर यातायात जाम हो गया। वहीं, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व दमकल मौके पर पहुंची और आग को काबू करने का कार्य चालू किया। जबकि पुलिस ने चंडीगढ वाली लेन से करनाल लेन का यातायात एक लेन में सुचारू करवाया। आग काबू होने के बाद दोनों वाहनों को सडक किनारे कर करनाल लेन पर यातायात सुचारू किया गया।

## केसर नगर में गलियों और नालियों का किया जाएगा निर्माण: मेयर

# निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में समान रूप से हो रहे विकास कार्य: बहमनी

मेयर सुमन बहमनी ने शहर के केसर नगर में 1.06 करोड़ की लागत से होने वाले विकास कार्यों का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी द्वारा शहर में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जगाधरी के केसर नगर क्षेत्र में एक करोड़ 06 लाख रुपये की लागत से विभिन्न गलियों और नालियों का निर्माण किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण विकास कार्य का मेयर सुमन बहमनी ने विधिवत शिलान्यास किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल, पार्षद जयंत स्वामी व मार्केट कमेटी के चेयरमैन विपुल गोयल मौजूद रहे।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर के प्रत्येक वार्ड में बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सरकार द्वारा विकास कार्यों के माध्यम से शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केसर नगर के निवासियों ने गलियां और नालियां बनाने की मांग की थी। उनकी मांग पर केसर नगर में गलियों और नालियों का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के पूरा होने के बाद क्षेत्रवासियों को जलभराव और गंदगी जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में समान रुप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार और नगर निगम मिलकर शहर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के विकास कार्य न केवल लोगों की दैनिक समस्याओं का समाधान करते हैं। बल्कि क्षेत्र के सौंदर्यीकरण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। पार्षद जयंत स्वामी ने क्षेत्र के लोगों की ओर से नगर निगम का आभार जताते हुए कहा कि यह कार्य लंबे समय से क्षेत्र की प्राथमिक आवश्यकता था। उन्होंने उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाएगा। इस मौके पर ओमपाल, कृष्ण खदरी अनेको कॉलोनीवासी मुख्य रूप से मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** केसर नगर की गलियों के निर्माण का शुभारंभ करती मेयर सुमन बहमनी व पूर्व मंत्री कंवर पाल और अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### शहर की समस्याओं का त्वरित हो रहा समाधान

सहायक अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज ने लोगों से विकास कार्यों में सहयोग करने और अपने आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की। मेयर ने कहा कि शहर में विकास कार्यों की सौगात लगातार नगरवासियों को प्रदान करने का काम किया जा रहा है। शहर में सभी मुख्य समस्याओं का त्वरित आधार पर निवारण किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं होगी। इस परियोजना के तहत क्षेत्र की गलियों को पक्का किया जाएगा तथा आधुनिक नाली व्यवस्था विकसित की जाएगी। जिससे जल निकासी सुचारू रूप से हो सके। इससे न केवल लोगों की सुविधा बढ़ेगी। बल्कि क्षेत्र का समग्र विकास भी सुनिश्चित होगा।

# स्कूलों में हो सफाई का विशेष ध्यान : प्रेम लता



**यमुनानगर।** सरकारी स्कूल जठलाना में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक।

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुई बैठक
- एफएलएन के अंतर्गत चार खंडीय शिक्षण स्तर मौखिक भाषा विकास पर कार्य करने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जठलाना में बुधवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डीईओ प्रेमलता ने की। बैठक में रादौर खंड के सभी सीआरसी इंचार्ज बीआरसी व एबीआरसी ने हिस्सा लिया। बैठक में संजीव कुमार एफएलएन कॉर्डिनेटर ने थर्ड क्लास के लिए एफएलएन प्रोग्राम बारे जानकारी दी। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक राणा ने बताया कि एफएलएन के अंतर्गत चार खंडीय शिक्षण स्तर मौखिक भाषा विकास डिकोडिंग पठन व लेखन पर कार्य करने की जरूरत है। जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलता ने कहा कि सभी सीआरसी को अपनी विजिट समय रहते पूरा करने के लिए कहा और सभी स्कूलों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया। सरकारी स्कूल अलाहर के अध्यापक अनिल कुमार को निपुण हरियाणा मिशन द्वारा चलाए गए चैलेंज टीच एंड लर्न में टॉप फाइव में आने व उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशंसा चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी शिक्षकों से छात्रों के शैक्षणिक विकास में पूर्ण भागीदारी निभाने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक राणा व खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. रमेश चंद्र, पीएम प्रिंसिपल संगीता अरोड़ा, मुकेश रोहिल्ला, प्रवीण रोहिल्ला सभी सीआरसी रादौर, बीआरसीए एबीआरसी आदि मौजूद रहे।

# कार्यकर्ताओं के वैचारिक कौशल निखारने के लिए हुआ प्रशिक्षण शिविर : नेपाल राणा

- भाजपा के वरिष्ठ नेता समेत कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

कस्बा रादौर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का अयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा मुख्य रूप से मौजूद रहे। राणा ने बताया कि यह प्रशिक्षण कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, मंडल अध्यक्ष आदेश राणा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। नेपाल राणा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 205 कार्यकर्ता, सरपंच, पूर्व सरपंच व सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया और बाहर से आए सभी वक्ताओं की बातों को ध्यानपूर्वक सुना गया व रात्रि विश्राम वहीं पर किया गया । राणा ने कहा कि मंडल स्तरीय प्रशिक्षण भारतीय जनता पार्टी द्वारा सांगठनिक मजबूती और कार्यकर्ताओं के वैचारिक कौशल को निखारने के लिए आयोजित प्रशिक्षण महाअभियान का मंडल स्तरीय चरण भव्य रूप से संपन्न हो गया। इस प्रशिक्षण महाअभियान के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी ने जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को आगामी चुनौतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन.जन तक पहुँचाने का प्रशिक्षण दिया।प्रशिक्षण सत्र के दौरान वक्ताओं ने पार्टी की कार्यपद्धतिए राष्ट्रवाद और एकात्म मानववाद जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। पूर्व विधायक ईश्वर पलाका ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता भाजपा की असली ताकत हैं। यह प्रशिक्षण शिविर दो दिन तक चला जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं में आपस में समन्वय स्थापित हुआ।



**रादौर।** प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

### एक अप्रैल से पांच दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ

**रादौर।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तत्वावधान में रादौर की शिवमंदिर धर्मशाला में 1 से 5 अप्रैल तक श्रीराम कथामृत का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी कथा आयोजन समिति के सदस्य डॉ. ऋषिपाल सैनी ने दी। समिति सदस्य डॉ. ऋषिपाल सैनी ने बताया कि कथामृत में कथाव्यास साध्वी दिवेशा भारती श्रीराम कथा का वाचन करेंगी। उन्होंने बताया कि कथामृत कार्यक्रम को लेकर लोगों को निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया जा रहा है। इसके लिए घर घर जनसंपर्क किया जा रहा है। डॉ. ऋषिपाल सैनी ने बताया कि कथा का आयोजन प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक होगा। जिसके उपरांत प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भंडारा आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। उन्होंने सभी से कथामृत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का आनंद उठाए जाने की अपील की।

# अनाधिकृत पांच कॉलोनियों में जिला प्रशासन ने चलवाया पीला पंजा

- गांव ससौली व तेजली में बिना अनुमति के विकसित की जा रही थी अनाधिकृत कालोनियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग ने गांव तेजली व ससौली में बिना अनुमति के विकसित की जा रही अनाधिकृत पांच कालोनियों में किए गए अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन ने ध्वस्त कर दिया। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि जिले के गांव ससौली व तेजली में पांच अनाधिकृत कालोनियां विकसित की जा रही हैं। इसके बाद उपायुक्त प्रीति के आदेशानुसार उन्होंने क्षेत्रान्वेषक रवि दत्त और ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में तैनात किए गए पशुपालन एवं दुधारू विभाग कार्यालय के वीएस डॉ. सुखबीर के नेतृत्व में मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की मदद से क्षेत्र की पांचों कालोनियों में किए जा रहे अवैध निर्माण को तोड़ दिया।



**यमुनानगर।** अनाधिकृत कालोनी में अवैध निर्माण पर चलता पीला पंजा।

### कार्रवाई से पहले दिए थे नोटिस

जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि कार्रवाई से पहले चूककर्ताओं को अर्बन एरिया एक्ट 8 आफ 1975 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर नोटिस मिलने के बावजूद चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई और भू.मालिकों आदि द्वारा अवैध कॉलोनी व निर्माण की स्थापना करने से पहले आवश्यक अनुमति नहीं ली गई। जिसके कारण कालोनियों में अवैध निर्माण को तोड़ दिया गया।

### चैत्र नवरात्रों में आकर्षक सजे माता के मंदिर



**यमुनानगर।** आकर्षक रूप से सजाया गया ज्वाला माता मंदिर।

**यमुनानगर।** चैत्र नवरात्र का वीरवार से शुभारंभ हो रहा है। नवरात्रों को लेकर जिला स्थित मां के मंदिर आकर्षक रुप से सजा दिए गए हैं। मंदिरों के बाह्य व भीतरी भागों को आकर्षक लड़ियों व झालरों से आकर्षक एवं भव्य रुप से सजा दिया गया। शहर स्थित श्री ज्वाला माता मंदिर में वीरवार को प्रथम नवरात्र पर सुबह के वक्त ध्वजा परिकर्मा निकाली जाएगी। इसके बाद मंदिर में गद्दीनशीन माता तप एवं जन कल्याण हेतु एकांतवास में जाएंगी। इस दौरान मंदिर में विशेष पाठ व पूजा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के सेवक रसिक और समर्पित ने बताया की नवरात्रों में श्री ज्वाला माता मंदिर में प्रतिदिन सुबह साढ़े पांच बजे दुर्गा सप्तमी का पाठ, दोपहर एक बजे मां शाकुंभरी चालीसा का पाठ और रात्रि आठ बजे दुर्गा अमृतवाणी का पाठ किया जाएगा। चैत्र नवरात्र के प्रथम नवरात्र पर माता बाला सुंदरी मंदिर में चौदह दिवसीय मेले का शुभारंभ किया जाएगा।

# जल संरक्षण और लैंगिक समानता प्रतियोगिता में साहिल रहे अव्वल

- जल संरक्षण में महिलाओं की भूमिका पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन इंग्लिश विभाग के तत्वावधान में संरक्षित विश्व जल दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रो. सिमरण मुख्य रूप से मौजूद रही। उन्होंने बताया कि जल और लैंगिक समानता विषय पर करवाई गई प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। जिसमें पांच श्रेष्ठ पोस्टर को चुना गया। जिसमें साहिल ने प्रथम, रितिका ने दूसरा, तन्वी ने तीसरा, खुशबू ने चौथा व मनीषा ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को जल के निरंतर क्षय और जल संरक्षण में महिलाओं की भूमिका को उजागर करके उनके प्रति संवेदनशील बनाना रहा, ताकि युवा विद्यार्थी पीढ़ी इन जटिल समस्याओं को गहराई से समझे । इस अवसर पर डॉ. महेंद्र सिंह, प्रो. आशीष भल्ला, प्रो. बंटी कुमार आदि मौजूद रहे।




**रादौर।** प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*



**रादौर।** सरकारी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

### वाटर लेवल रोकने के लिए व्यर्थ न बहाए पानी : सिंह

**रादौर।** ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को एनएसएस व इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में वर्ल्ड वाटर डे के संबंध में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. एसके सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। एसके सिंह ने कहा कि आज पानी का घटता स्तर एक गंभीर समस्या है। वर्तमान दौर में पानी की उपयोगिता एवं संरक्षण बारे हमें सचेत रहना चाहिए। इको क्लब के संयोजक प्रो. संजीव गांधी ने वाटर डे के उपलक्ष्य में एक पीपीटी के माध्यम से पानी की महता से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में वाटर लेवल कम होने के कारण हमें पानी के व्यर्थ बहाव पर रोक लगानी चाहिए। पानी को प्रदूषित होने से बचाना चाहिए। पानी की उपयोगिता को ध्यान में रखकर हमें जल का सदुपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई। प्रतियोगिता में अंजलि ने प्रथम, जेनिश, जानवी ने द्वितीय व महक, सिया कंबोज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# फर्जी लोन ऐप के नाम पर लोगों से कर रहे साइबर ठगी: गोयल

- पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों को साइबर ठगों से सावधान रहने के लिए किया आहवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

साइबर ठग फर्जी लोन ऐप, गेम और इनाम के नाम पर खतरनाक फाइलें भेजकर लोगों को ठगने का काम कर रहे हैं। नागरिकों को साइबर ठगों से सावधान रहना जरुरी है। जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जिले में साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए महत्वपूर्ण साइबर एडवाइजरी जारी की है। करते हुए नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि साइबर अपराधी खुद को बैंक अधिकारी, तकनीकी सहयोगी, कस्टमर केयर एजेंट या फिर जान पहचान का व्यक्ति बताकर पहले भरोसे में लेते हैं। इसके बाद लोन ऐप, गेम या इनाम के नाम पर एक फाइल भेजी जाती है। जिसे डाउनलोड करते ही ठगों को पीड़ति के मोबाइल की पूरी पहुंच मिल जाती है। उन्होंने बताया कि अपक दरअसल वह फार्मेट है। जिसके माध्यम से एंड्रॉइड डिवाइस में ऐप्स इंस्टॉल किए जाते हैं। लेकिन जब यह फाइल किसी अज्ञात या संदिग्ध स्रोत से आती है तो उसमें छिपा मैलवेयर (वायरस) मोबाइल में घुसकर संवेदनशील जानकारी चुरा लेता है।



**यमुनानगर।** एडवाइजरी पर जानकारी देते एसपी कमलदीप गोयल। *फोटो : हरिभूमि*

### साइबर ठगी से ऐसे करें बचाव

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि साइबर ठगों से बचने के लिए कसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजी गई फाइल को डाउनलोड या इंस्टॉल न करें, ऐप्स केवल गूगल प्ले स्टोर या आधिकारिक वेबसाइट्स से ही डाउनलोड करें, बैंकिंग, लोन या फाइनेंस से जुड़ी जानकारी के लिए केवल सरकारी या अधिकृत ऐप्स का ही इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी की शिकायत तुरंत पोर्टल पर करें या हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें।

## मां के भक्तों के लिए फलों का स्वाद हुआ फीका

# नवरात्र की पूर्व संध्या पर श्रद्धालुओं ने खरीदा सामान

व्रतों में श्रद्धालुओं को महंगाई का करना पड़ रहा सामना, 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़े फलों व अन्य चीजों के दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

आदि शक्ति जगत जननी मां जगदंबा के वीरवार से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र पर्व की पूर्व संध्या पर बुधवार को श्रद्धालुओं ने नारियल व पूजा का सामान खरीदा। इस दौरान दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। वहीं नवरात्र में व्रत रखने वालों को महंगाई की मार का सामना करना पड़ सकता है। क्योंकि फलों एवं अन्य चीजों के दाम 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। बुधवार सुबह से बाजारों में दुकानों पर पूजा का सामान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होने लगी थी।



**यमुनानगर।** नवरात्र के पूर्व संध्या पर दुकानों पर खरीददारी करते श्रद्धालु।

### फलों की बढ़ी कीमतों का जेब पर पड़ेगा असर

नवरात्र की पूर्व संध्या पर बाजार में फल खरीदने पहुंचे श्रद्धालु बबली, भावना, सुदेश मलिक,आरती, मोहित, विशाल व रविश आदि ने बताया कि वे हर नवरात्र में व्रत रखते हैं। मगर इस बार फलों की कीमत इतनी बढ़ गई है कि इसका सीधा असर जेब पर पड़ेगा। महंगाई की वजह से फल कम खरीदेंगे। वहीं, फल विक्रेता रोहित व सतीश आदि ने बताया कि दो दिन पहले फलों के दाम काफी कम थे मगर नवरात्र की वजह से ही इनकी कीमत उछली है। उनका कहना है कि नवरात्र में फलों की मांग ज्यादा होती है इसलिए इनकी मांग बढ़ जाती है। अब तो नवरात्र के बाद ही फलों की कीमत कुछ कम हो पाएगी।

### चौलाई व सिंघाड़े का आटा हुआ महंगा

नवरात्र पर्व के मौके पर चौलाई पट्टी व सिघाड़े का आटा भी महंगा हो गया है। दुकानदार मुकेश कुमार, प्रेम सिंह व अमित आदि ने बताया कि पिछले नवरात्र के मुकाबले अब कीमत करीब 20 प्रतिशत तक बढ़ गई है। उनके मुताबिक कुट्टू के आटे की कीमत बढ़कर करीब 170 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गई है। वहीं, केला, सेब समेत ड्राईफूट भी काफी महंगे हो गए हैं। महंगाई की वजह से निर्माताओं ने कीमत तो वही रखी है मगर पैकिंग का वजन कम कर दिया है।

## देश के विभिन्न हिस्सों से हजारों भक्त 'सरस्वती मां की जय' के जयकारे लगाते पहुंचे पिहोवा

# श्रद्धालुओं ने सरस्वती तीर्थ पर पिंडदान कर की पितरों के लिए अक्षय मोक्ष की कामना

अभिषेक पूर्णिमा ▶▶| पिहोवा



पिहोवा। वंशावली देखते श्रद्धालु।

देश के विभिन्न हिस्सों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने पावन सरस्वती तीर्थ में स्नान, पूजा व पिंडदान करके अपने पितरों की अक्षय मोक्ष की कामना की है। पिंडदान का विशेष महत्व होने के कारण आज भारी संख्या में श्रद्धालु पावन सरस्वती तीर्थ पर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने अपने पुरोहितों से वंशावली भी देखी। भोर होते ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु सरस्वती मां की जय जयकार करते हुए पावन सरस्वती तीर्थ पर स्नान के लिए पहुंचे व पावन जल में श्रद्धा की डुबकी लगा अपने पितरों को जल अर्पित किया। इस दिन पिंडदान का विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि यहां पर जो भी श्रद्धालु अपने पितरों का पिंडदान व उनको जल अर्पण करते है तो उनके पितर प्रसन्न होकर परिवार में सुख समृद्धि की वर्षा करते हैं। श्रद्धालुओं ने पिंडदान के बाद प्रेत पीपल पर जल व स्वामी कार्तिकेय मंदिर में तेल व दरगाही शाह पर घोड़े चढ़ाए। चैत्र चौदस मेले के तीसरे दिन पंजाब, हिमाचल, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर, चंडीगढ़ सहित देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु यहां पहुंचे लेकिन सबसे ज्यादा संख्या पंजाब से आने वाले सिख श्रद्धालुओं की रही। श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिरों व गुरुद्वारों में पूजा अर्चना भी की। मेला प्रशासक व एसडीएम अनिल कुमार दून ने कहा कि प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई। मेले में तैनात अधिकारी और कर्मचारी दिन रात श्रद्धालुओं को सुविधा मुहैया कराने मे लगे हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यात्रियों के चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। पुलिस प्रशासन श्रद्धालुओं को सुरक्षा देने के लिए तत्पर है।

### भंडारों से की श्रद्धालुओं की सेवा

पावन चैत्र चौदस मेले में पंहुचे यात्रियों की सेवा के लिए भारत विकास परिषद की ओर से अनाज मंडी एवं माता बालासुंदरी कार्यकारिणी कमेटी से मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। नगर वासियों व विभिन्न शहरों से आए लोगों ने जगह जगह भंडारे लगाकर श्रद्धालुओं को भोजन करवाया। भंडारों का आलम यह था कि सरस्वती तीर्थ, पवन मार्किट कमेटी, गोल मार्केट, अंबाला रोड, अनाज मंडी, गुहला रोड, गुरुद्वारा रोड, प्राची तीर्थ, ब्रहम योनि सहित स्थान स्थान पर भंडारे लगाए गए थे, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### धार्मिक भजनों ने श्रद्धालुओं को बांधे रखा

चैत्र चौदस मेले में आए श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए जिला सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा रात को विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलाकारों ने गीतों व भजनों के माध्यम से जहां लोगों को परमात्मा का संदेश दिया, वहीं उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के प्रति भी जागरूक किया। इन कलाकारों ड्रामा पार्टी व भजन पार्टी सदस्यों ने पंजाबी शब्दों, धार्मिक भजनों विषयों पर गीत प्रस्तुत किए।

### एसडीएम ने मेला क्षेत्र में की गई व्यवस्थाओं का लिया जायजा

एसडीएम अनिल कुमार दून ने बुधवार को चैत्र चौदस मेला क्षेत्र में विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्वयं नाकों को चैक भी किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आदेश दिए कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं जारी रहनी चाहिए और पुलिस विभाग सुरक्षा व्यवस्था में जरा सी भी लापरवाही ना करे। मेले में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था पर पूरा फोकस रखना है।

### पिंडदान की यह है कहानी

पिहोवा तीर्थ की मान्यता पितृ तीर्थ के रूप में है। यहां भगवान श्रीकृष्ण व अर्जुन ने भी अपने सगे संबंधियों के मोक्ष के लिए पिंडदान किया था। पृथुदक तीर्थ का महत्व गया के समान बताया गया है और यहां स्नान करने से मनुष्य को विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने सरस्वती, प्राची, ब्रह्मयोनि तीर्थ पर स्थित विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की। हजारों श्रद्धालुओं प्रेत पीपल की परिक्रमा व शनि मंदिर में तेल चढ़ाकर मन्नत मांगी।



## माता बाला सुंदरी मंदिर में आज गूंजेंगे घंटे घड़ियाल

**पिहोवा।** जन-जन की आस्था, शक्ति व भक्ति के महापर्व नवरात्रि के पावन अवसर पर प्राचीन माता बाला सुंदरी मंदिर के अंदर चांदी की पालकी में सजे माता बाला सुंदरी के स्वरूप को निहारना हर श्रद्धालु की मनोकामना होती है। मंदिर के अंदर माता की सवारी के रूप में विराजित द्वार पर रखे पीतल के बने दो शेर भी श्रद्धालुओं को किसी दैवीय शक्ति का एहसास कराते नजर आते हैं। मांदिर परिसर के अंदर एवं बाहर लगा सफेद संगमरमर पत्थर और परिक्रमा मार्ग में माता के नौ स्वरूप सहित भैरव एवं हनुमान जी की लगी प्रतिमाओं की भव्यता श्रद्धालुओं को दूर से ही अपनी और आकर्षित करती है। मंदिर कार्यकारिणी कमेटी के प्रधान संजय गुप्ता ने बताया कि 19 से 26 मार्च तक मनाए जाने वाले नवरात्र महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।



## कर्म से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव : अनिल शास्त्री

**कुरुक्षेत्र।** बैरागी सभा हरियाणा द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा धूमधाम से संपन्न हो गई। कथा व्यास अनिल शास्त्री ने बताया कि श्रंगी ऋषि के श्राप को पूरा करने के लिए तक्षक नामक सांप भेष बदलकर राजा परिक्षित के पास पहुंचकर उन्हें डंस लेते हैं और जहर के प्रभाव से राजा का शरीर जल जाता है और मृत्यु हो जाती है। लेकिन श्री मद् भागवत कथा सुनने के प्रभाव से राजा परीक्षित को मोक्ष प्राप्त होता है। पिता की मृत्यु को देखकर राजा परीक्षित के पुत्र जनमेजय क्रोधित होकर सर्प नष्ट हेतु आहुतियां यज्ञ में डलवाना शुरू कर देते हैं जिनके प्रभाव से संसार के सभी सर्प यज्ञ कुंडों में भस्म होना शुरू हो जाते हैं तब देवता सहित सभी ऋषि मुनि राजा जनमेजय को समझाते हैं और उन्हें ऐसा करने से रोकते हैं।

### खबर संक्षेप

## कुवि का 35वां दीक्षांत समारोह 4 अप्रैल को

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का 35 वां वार्षिक दीक्षांत समारोह 4 अप्रैल 2026 को प्रातः 10.00 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित श्रीमद्भगवद्गीता सदन (ऑडिटोरियम) में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस गरिमामय समारोह में वर्ष 2024-25 के करीब 3 हजार विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए उपाधियाँ एवं स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे।

## नशीला पदार्थ तस्करी में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पएंटी नारकोटिक सेल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में महिला आरोपी सेनू देवी वासी भटौली खरोह जिला देवरिया यूपी को भी गिरफ्तार करके उनके कब्जा से 4 किलो 30 ग्राम अफीम बरामद करने में सफलता हासिल की है।

## 24 की देशव्यापी विशाल रैली के लिए दिया न्योता

**थानेसर।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के आह्वान पर भाजपा सरकार की कॉर्पोरेट -सांप्रदायिक परस्त जन विरोधी नीतियों के खिलाफ 24 मार्च नई दिल्ली रामलीला मैदान मे देशव्यापी विशाल रैली की तैयारी में राज्य स्तरीय जन आक्रोश जत्था कुरुक्षेत्र के लाडवा ब्लाक के गांव बपदा में, थानेशर ब्लाक के गांव किरमिच व थर्ड गेट कुरुक्षेत्र में पहुंचकर सैकड़ो लोगों को जनसभा कर संबोधित किया।

# मतदाता सूची नियमों पर साधु-संतों में रोष

- आर्यावर्त साधु समाज एवं भारत साधु समाज की हुई महत्वपूर्ण बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आर्यावर्त साधु समाज के अध्यक्ष एवं भारत साधु समाज के प्रदेश अध्यक्ष महंत बंसी पुरी की अध्यक्षता में कुरुक्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं आर्यावर्त साधु समाज के प्रवक्ता महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि बैठक में महंत भीम पुरी, महंत लक्ष्मी नारायण पुरी, स्वामी महेश पुरी, स्वामी रामनाथ पुरी, स्वामी पृथ्वी पुरी एवं आशुतोष पुरी इत्यादि सहित बड़ी संख्या में साधु संत मौजूद रहे। बैठक में महंत बंसी पुरी ने कहा कि सभी साधु संत भारत वर्ष के नागरिक हैं और देश को मजबूती प्रदान करने में संतों का विशेष योगदान है। साधु संतों को चुनाव आयोग लोकतान्त्रिक प्रक्रिया एवं मतदान से वंचित कर रहा है। उन्होंने बताया कि नई प्रक्रिया के अनुसार



देशभर के राज्यों में साधु-संतों को मतदाता सूची (वोटर लिस्ट) में नाम शामिल करने या अपडेट करने में तकनीकी समस्याओं के कारण मतदान से वंचित होने का डर सता रहा है, जिससे उन में भारी रोष व्याप्त है। महंत बंसी पुरी ने चर्चा करते हुए कहा कि साधु संत भारत के नागरिक हैं और वर्षों से लोकसभा, विधानसभा एवं स्थानीय निकाय चुनावों में वर्षों से मतदान करते आ रहे हैं। उन्होंने नई प्रक्रिया के अनुसार बताया कि चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनर्परीक्षण (विशेष गहन पुनरावलोकन - एसआईआर) के दौरान फॉर्म में पिता-माता का नाम अनिवार्य रूप से भरना होता है।

### आध्यात्मिक पहचान के साथ वोट देने का अधिकार मिलना चाहिए

महंत बंसी पुरी ने कहा कि साधु-संत संन्यास लेने के बाद अपना सांसारिक परिवार छोड़ देते हैं और पिता-माता के नाम की जगह गुरु का नाम, भगवान शिव या श्री राम का नाम लिखते हैं। एसआईआर नियमों के अनुसार, जैविक माता-पिता का नाम न होने पर फॉर्म अस्वीकृत होने का खतरा है। महंत बंसी पुरी ने कहा कि देश भर के संतों का कहना है कि वे संन्यासी हैं और सांसारिक रिश्ते खत्म होने के बाद उनके कोई जैविक मां-बाप नहीं हैं। अपनी पारंपरिक धर्म मार्ग के अनुसार वे माता-पिता के कॉलम में जानकी (माता सीता) या गुरु का नाम लिखते हैं। उन्होंने कहा कि साधु-संत भारत के नागरिक हैं और मतदान का अधिकार संवैधानिक है, लेकिन एसआईआर प्रक्रिया के तकनीकी नियमों (जैविक माता-पिता का नाम अनिवार्य) के कारण उन्हें मतदान से वंचित होने का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का नागरिक होने के नाते उन्हें अपनी आध्यात्मिक पहचान के साथ वोट देने का अधिकार मिलना चाहिए।

# महंगाई और गैस कालाबाजारी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, सरकार का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



बढ़ती महंगाई और एलपीजी गैस सिलेंडर की कथित कालाबाजारी के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बुधवार को कांग्रेस कार्यकतार्ओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन जिला कांग्रेस कार्यालय से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गो से होता हुआ अग्रसेन चौक तक पहुंचा, जहां कार्यकतार्ओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने संसद से नरेंद्र गायब, घरों से सिलेंडर गायब जैसे नारे लगाते हुए केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला एवं युवा कार्यकर्ता भी शामिल रहे, जिन्होंने बढ़ती महंगाई के कारण आम परिवारों पर पड़ रहे आर्थिक बोझ को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह की अगुवाई में हुए इस प्रदर्शन में उन्होंने कहा कि देश में लगातार महंगाई बढ़ रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग का जीवन कठिन होता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और कालाबाजारी के चलते आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह तुरंत महंगाई पर नियंत्रण करे और गैस सिलेंडर की आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी बनाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। दूसरी ओर, कांग्रेस कार्यकतार्ओं ने राज्यसभा सदस्य बने कर्मवीर बौद्ध के मनोनयन की खुशी में जिला कार्यालय में लड्डू बांटकर जश्न मनाया। कार्यकतार्ओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की।



## जवाहर नवोदय विद्यालय निवारसी में प्रवेश के लिए चार विद्यार्थी सफल

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, कुरुक्षेत्र प्रधान राजेंद्र टंडन ने अवगत कराया कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला सिरसमा -14902 ब्लाक थानेसर से जवाहर नवोदय विद्यालय निवारसी में प्रवेश हेतु परीक्षा में चार विद्यार्थी सफल हुए हैं जिनका नाम आर्यन, जागृति, स्नेह और परी है। विद्यालय के मुखिया राजेश नरवाल और उनके साथी अध्यापक भारत भूषण शर्मा, सतविंदर कौर, कविता रानी के कड़े परिश्रम से बच्चों को ये सफलता प्राप्त हुई है। विद्यालय से गत वर्षो के परीक्षा परिणाम को मिलाकर अब तक कुल 9 बच्चे नवोदय विद्यालय में दाखिला ले चुके हैं। ग्राम पंचायत सिरसमा से सरपंच नरेन्द्र नैन ने बच्चों को 1100-1100 रुपए देकर व फूल माला पहनकर सम्मानित किया और सभी स्टाफ सदस्यों को इस कामयाबी का श्रेय दिया। विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों के द्वारा प्रत्येक बच्चे को 500 रुपये देकर सम्मानित किया गया। समारोह में सतीश कुमार अभिभावक रूपराम, प्रवीण कुमार, सोनिया, यामीन अली पंच परगट सिंह, राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

# प्रधान जगदीश सिंह झीडा पर जानलेवा हमला निंदनीय : अकाल पंथक मोर्चा

- प्रधान पर हमला सिख कौम की संस्थाओं पर सीधा हमला है : हरमनप्रीत सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



पटियाला के नजदीक शेरगढ़ में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झींड़ा पर हुआ हमला सिख कौम की संस्थाओं पर सीधा हमला है। अकाल पंथक मोर्चा इस घटना की कड़ी निंदा करता है और इसे एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा मानता है। अकाल पंथक मोर्चा के सदस्य मैंबर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी हरमनप्रीत सिंह और सुखजिंदर सिंह मसाना ने कहा कि जानकारी के अनुसार इस हमले में बलजीत सिंह दादूवाल का नाम सामने आ रहा है, जो सरकारी सुरक्षा के सहारे इस प्रकार की गंभीर हरकतों को अंजाम दे रहा है। यह अत्यंत चिंताजनक है कि जिस व्यक्ति को सरकार द्वारा सुरक्षा प्रदान की गई है, वही उसका दुरुपयोग करते हुए कानून-व्यवस्था को चुनौती दे रहा है। अकाल पंथक मोर्चा सरकार से मांग करता है कि बलजीत सिंह दादूवाल की सुरक्षा तुरंत प्रभाव से वापस ली जाए। उन्होंने कहा कि अकाल पंथक मोर्चा मांग करता है कि प्रधान जगदीश सिंह झींड़ा की शिकायत के आधार पर तुरंत मामला दर्ज किया जाए, निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों को कानून के अनुसार सख्त सजा दी जाए। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की कार्यकारिणी समिति मेंबर कुलदीप सिंह मुल्तानी ने कहा कि यह बहुत ही निंदनीय घटना है।




## केवट का राम के प्रति प्रेम और निश्छल भक्ति बहुत प्रेरणादायक : अनिल पाराशर

**लाडवा।** बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम में चल रही श्रीरामकथा के छठे दिन भगवान श्री राम के वन गमन (वनवास), केवट प्रसंग, और सीता-राम की मार्मिक विदाई का वर्णन किया गया। सिहोर मध्यप्रदेश के कथावाचक पंडित अनिल पाराशर ने कहा कि राम जी की कथा में प्रत्येक रिश्ते द्वारा त्याग, धर्मनिष्ठा और भक्ति के सर्वोच्च उदाहरण प्रस्तुत किए गये हैं। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस त्याग, प्रेम और भक्ति रस से परिपूर्ण है, जो श्रोताओं, पाठकों व वक्ताओं के मन में आत्मिक शांति और भक्ति की भावना जगाती है। कथा प्रसंग में प्रभु राम और केवट के संवाद सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे। केवट का राम के प्रति प्रेम और निश्छल भक्ति बहुत प्रेरणादायक है। कथा वाचक पंडित अनिल पाराशर ने कहा कि श्रोताओं को इन प्रसंगों के माध्यम से जीवन में आदर्शों और मयार्दाओं के महत्व को समझाना चाहिए। मुख्य अतिथि डा अमृतपाल गर्ग, मधु गर्ग, विशिष्ट अतिथि आर.डी.अरोडा, गोपी रहेजा, राजीव आर्य व राजेश गर्ग ने व्यासपीठ की आरती की। इस अवसर पर अमित बत्रा, नंदकिशोर अग्रवाल, अतुल गोयल, सुभाष जिंदल, ज्ञानचंद खेडवाल, योगेंद्र कांबोज, पंडित हरिकृष्ण शास्त्री, सुभाष सहगल आदि मौजूद रहे।



## 21 लोगों का मोतियाबिंद का हुआ ऑपरेशन

**पिहोवा।** कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियान के तहत सांसद नवीन जिंदल की ओर से पिहोवा हलके के 21 लोगों की आंखों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया गया। सांसद के सहयोग से 21 मरीजों को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जहां उनकी आंखों का सफल ऑपरेशन हुआ। पिछले दिनों लगे कैंप में इन मरीजों की आंखों की जांच के बाद इन्हें ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया था। मरीजों के साथ सहयोगी दल के रूप में सात अटेंडेंट व दो अन्य का स्टाफ भी भेजा गया। सांसद नवीन जिंदल की यह पहल क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जिसके माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क उपचार का लाभ मिल रहा है। सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस प्रकार के शिविर एवं उपचार कार्यक्रम करके मोतियाबिंद के मरीजों को चयनित किए गए थे। विशेष रूप से आंखों से संबंधित बीमारियों के उपचार के लिए यह अभियान प्रभावी सिद्ध हुआ है। जिससे सैंकड़ों लोगों को नई रोशनी मिलेगी।

## केयू में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी में दो दिवसीय प्रिंटर्स डे राष्ट्रीय संगोष्ठी फ्यूचरिस्टिक इन ट्रेन्ड इन प्रिंटिंग एंड पेकेजिग विषय पर आयोजित कार्यक्रम का धूमधाम से समापन हुआ। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के डीन एकेडमिक अफेयर प्रो. राकेश कुमार ने अपने अतिथि संबोधन में कहा कि प्रिंटिंग इंडस्ट्री के नवाचार कौशल को विद्यार्थिगण अपने दैनिक जीवन अपनाएं क्योंकि वर्तमान में डिजीटल प्रिंटिंग ए.आई. प्रिंटिंग में तब्दील हो रही है। उन्होंने कहा कि सांईस के इस अत्याधुनिक दौर में नई-नई तकनीक समय के साथ बदलती हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी स्वयं का आकलन समय के साथ आत्मविश्लेषण के साथ करें क्योंकि तभी वे प्रिंटिंग इंडस्ट्री के नवाचार में सफल हो सकते है। उन्होंने इस दो दिवसीय संगोष्ठी में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के भाग लेने वाले विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

**कार्यक्रम** राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय योगासन जज प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

# भारत सहित पूरे विश्व में योगासन खेल के क्षेत्र में अपार संभावनाएं : डॉ जयदीप

सफल प्रतिभागियों को दिए जाएंगे प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। योगासन कोच प्रशिक्षण शिविर में अपना सत्र लेती रिसोर्स पर्सन।

वर्ल्ड योगासन के निर्देशन में योगासन भारत के तत्वावधान में 13 मार्च से गीता ज्ञान संस्थानम् में चल रहा सातवां राष्ट्रीय योगासन खेल निर्णायक प्रशिक्षण कार्यक्रम व हरियाणा योगासन खेल संघ के तत्वधान में आयोजित राज्य स्तरीय जज प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गए। योगासन भारत के अधिकारियों व रिसोर्स पर्सन्स ने पहले प्रतिभागियों की मौखिक परीक्षा ली। उसके पश्चात सभी प्रतिभागियों की लिखित व प्रयोगात्मक परीक्षा हुई। हरियाणा योग आयोग एवं हरियाणा योगासन खेल संघ के मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि परीक्षा में सफल प्रतिभागियों को क्रमशः योगासन भारत एवं हरियाणा योगासन खेल संघ की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### प्रतिभागियों को सफलता की शुभकामनाएं दी

वर्ल्ड योगासन एवं योगासन भारत के महासचिव तथा हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य व हरियाणा योगासन खेल संघ के सचिव डॉ युद्ध वीर सहित अन्य सभी अधिकारियों ने प्रतिभागियों को परीक्षा में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी और आशा व्यक्त की कि सभी प्रशिक्षणार्थी भविष्य में योगासन खेल के विकास के लिए जी जान और निस्वार्थ भाव से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि योगासन खेल के क्षेत्र में भारत सहित पूरे विश्व में अपार संभावनाएं हैं। पांचवा राष्ट्रीय योगासन खेल कोच प्रशिक्षण कार्यक्रम अभी 19 मार्च तक जारी रहेगा। भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत की स्पोर्ट्स फिजियोथैरेपिस्ट डॉ राज लक्ष्मी सावंत ने रिकवरी एवं रिहैबिलिटेशन विषय पर सत्र लिया। उन्होंने योगासन खिलाड़ियों के चोट उपचार व उसके पश्चात की सावधानियों बारे सुंदर व्याख्यान दिया। महाराष्ट्र के योगासन कोच विष्णु चक्रवर्ती ने ट्विस्टिंग बॉडी व बैक बेंडिंग ऑसनों व सावधानियों के बारे में विस्तार से उदाहरण देकर समझाया। भारतीय योगासन टीम की पूर्व सहायक कोच कुमारी परिणीता शर्मा ने योगासन खेल में आर्टिस्टिक व रिदमिक इवेंट्स की कोरियोग्राफी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र लिया।



# विक्रम संवत 2083 प्रारंभ : जानें क्या है खास गुरु-मंगल की जोड़ी किसका करेगी बेड़ा पार

गुरुवार से 2026 से हिंदू नववर्ष यानी विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ होने जा रहा है। यह पावन दिन हर वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होता है और इसी के साथ भारतीय नवसंवत्सर की शुरुआत मानी जाती है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस वर्ष के राजा देवगुरु बृहस्पति और मंत्री मंगल होंगे, जबकि इस संवत का नाम 'रौद्र संवत्सर' रखा गया है। हिंदू नववर्ष सनातन परंपरा का बेहद महत्वपूर्ण पर्व है। मान्यता है कि इसी दिन सृष्टि की रचना का आरंभ हुआ था, इसलिए यह दिन नए कार्यों, संकल्पों और शुभ शुरुआत के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। इसी दिन से विक्रम संवत की शुरुआत होती है, जिसे सम्राट विक्रमादित्य द्वारा स्थापित किया गया था और यह ग्रेगोरियन कैलेंडर से लगभग 57 वर्ष आगे चलता है।

## आज शुरू होगा हिंदू नववर्ष

*देश में इसे अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, दक्षिण भारत में उगादी और उत्तर भारत में नवसंवत्सर।*

## यह रहेगा प्रभाव

ज्योतिष के अनुसार जब बृहस्पति राजा होते हैं तो धर्म, शिक्षा और ज्ञान में वृद्धि होती है, वहीं मंगल मंत्री होने से साहस, ऊर्जा और प्रशासनिक निर्णयों में तेजी आती है। इस साल एक खास संयोग भी बन रहा है। मीन राशि में सूर्य, चंद्रमा, शुक्र और शनि का चतुर्ग्रही योग, जो इसे और प्रभावशाली बना रहा है।

## सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व



सनातन परंपरा में यह दिन अत्यंत पवित्र माना गया है। मान्यता है कि इसी तिथि से सृष्टि की रचना का आरंभ हुआ था, इसलिए इसे नए कार्यों, संकल्पों और शुभ शुरुआत के लिए श्रेष्ठ समय माना जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों में इसे अलग नामों से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, दक्षिण भारत में उगादी, जबकि उत्तर भारत में इसे नवसंवत्सर के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग घरों की साफ-सफाई, पूजा-पाठ और नए कार्यों की शुरुआत करते हैं।

-पंडित कृष्ण दत्त गौड़, ज्योतिषाचार्य



**मेष**

इस राशि के जातकों का सकारात्मक सिद्ध हो सकता है। करियर में उन्नति के अवसर मिल सकते हैं और लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां या पदोन्नति मिल सकती हैं। व्यापारियों को भी नए प्रोजेक्ट या साझेदारी से लाभ मिलने की संभावना है। जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों से बचना ही बेहतर रहेगा।



**कर्क**

कर्क राशि के जातकों के लिए यह नववर्ष परिवार और संपत्ति से जुड़े मामलों में शुभ संकेत दे सकता है। जमीन या वाहन खरीदने के योग बन सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ सकता है। हालांकि भावनात्मक फैसलों से बचना और धैर्य बनाए रखना जरूरी होगा। हालांकि जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों से बचना ही बेहतर रहेगा।



**तुला**

तुला राशि के जातकों के लिए साझेदारी और व्यापार के मामलों में यह वर्ष अनुकूल रह सकता है। व्यापार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ सकती है। नौकरी में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिससे भविष्य में लाभ होगा। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत होगी।



**मकर**

मकर राशि वालों के लिए यह वर्ष घर-परिवार और संपत्ति से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण हो सकता है। परिवार में शुभ कार्य होने के योग बन सकते हैं। करियर में स्थिरता आएगी और मेहनत का अच्छा फल मिल सकता है। हालांकि काम का दबाव भी बढ़ सकता है। इससे शुरूआत में कुछ परेशानी हो सकती है।



**वृषभ**

वृषभ राशि के लोगों के लिए यह नववर्ष आर्थिक दृष्टि से अनुकूल सिद्ध हो सकता है। आय के नए स्रोत बनने की संभावना है और निवेश से लाभ मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रह सकती है। हालांकि खर्चों में भी वृद्धि हो सकती है, इसलिए बजट का संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा।



**सिंह**

इस राशि के लोगों के लिए भाग्य का साथ मिल सकता है। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही परेशानियों में कमी आ सकती है। व्यापारियों को भी लाभ मिलने के योग बन सकते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा और मान-सम्मान में वृद्धि हो सकती है।



**वृश्चिक**

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए कार्यक्षेत्र में बदलाव के योग बन सकते हैं। नई नौकरी या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। मेहनत और लगन से किए गए कार्यों में सफलता मिलने की संभावना है। हालांकि विरोधियों से थोड़ा सावधान रहने की जरूरत होगी।



**कुंभ**

कुंभ राशि के जातकों के लिए यह वर्ष करियर और कारोबार के लिहाज से शुभ सिद्ध हो सकता है। नए लोगों से मुलाकात भविष्य में फायदेमंद साबित हो सकती है। नौकरी और व्यापार दोनों में प्रगति के योग बन सकते हैं। हालांकि सावधानी से कदम बढ़ाने होंगे।




**मिथुन**

मिथुन राशि वालों के लिए यह वर्ष करियर और शिक्षा के लिहाज से अच्छा साबित होगा। नौकरी में नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। व्यापार से जुड़े लोगों को नए अवसर मिल सकते हैं। विदेश से जुड़े कार्यों में भी सफलता मिलने के संकेत हैं।



**कन्या**

कन्या राशि वालों के लिए यह वर्ष मिश्रित परिणाम देने वाला रह सकता है। कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा करनी पड़ सकती है, लेकिन उसका फल भी मिलेगा। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत होगी। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लेना बेहतर रहेगा।



**धनु**

धनु राशि के जातकों के लिए यह वर्ष शिक्षा, ज्ञान और करियर के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम दे सकता है। विद्यार्थियों के लिए यह समय अच्छा रह सकता है। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ सकती है। आर्थिक स्थिति भी धीरे-धीरे मजबूत हो सकती है।



**मीन**

मीन राशि के लोगों के लिए यह वर्ष आर्थिक रूप से मजबूत साबित हो सकता है। आय में वृद्धि के संकेत मिल सकते हैं। करियर में नई जिम्मेदारियां और अवसर मिल सकते हैं। नौकरी उन्नति के योग हैं। परिवार में सुखद वातावरण बना रह सकता है।

## खबर संक्षेप



### पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाई

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी के विद्यार्थियों ने एडु ट्रस्ट ऑफ इंडिया के तत्वावधान में चलाए जा रहे "एनवायरनमेंट वॉरियर्स" अभियान के तृतीय दिवस पर उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने समाज में "प्लास्टिक को ना कहें" (से नो टू प्लास्टिक) का संदेश फैलाया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने का संदेश देते कपड़े और स्टील के बैग के उपयोग को बढ़ावा दिया।

### पार्किंग का ठेका लेने के लिए नीलामी सूचना जारी

**बराड़ा।** बराड़ा के नायब तहसीलदार आलमगीर ने बताया कि कार्यालय उपमण्डल अधिकारी (ना0) बराड़ा के कार्यालय परिसर में स्थित बाइक/कार जीप पार्किंग व फोटो स्टैट को वर्ष 2026-27 के ठेका के लिए नीलामी पर दिया जाना है। सम्बन्ध में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीलामी वर्ष 2026-27 ( 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027) के लिए उपमण्डल अधिकारी(ना0) बराड़ा के कार्यालय में दिनांक 23 मार्च को प्रातः 11.00 बजे से नायब तहसीलदार बराडा की निगरानी में खुली बोली की जाएगी।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी दबोचा

**अंबाला।** विदेश भेजने के नाम पर लोगों से मोटी रकम ऐंठने वाले गिरोह पर अंबाला पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते एक आरोपी को पंजाब से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रविन्द्र मोहन निवासी नवां शहर (पंजाब) के रूप में हुई है, जिसे अदालत में पेश कर 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार मामले की शिकायत एक पीड़ित महिला ने थाना पंजोखरा में दर्ज करवाई थी। महिला का आरोप है कि आरोपी ने उसके बेटे को विदेश भेजने का झांसा देकर करीब 2 लाख 50 हजार रुपये हड़प लिए। न तो उसे विदेश भेजा और न ही पैसे वापस किए गए। इतना ही नहीं, आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी गई। मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को नवां शहर, पंजाब से गिरफ्तार कर लिया। अब रिमांड के दौरान पुलिस उससे ठगी गई रकम की रिकवरी के साथ-साथ नेटवर्क का पर्दाफाश करने में जुटी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी ने और कितने लोगों को शिकार बनाया है तथा गिरोह में और कौन-कौन शामिल है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि विदेश जाने के लिए केवल सरकार द्वारा अधिकृत एजेंटों पर ही भरोसा करें।

## लोगों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठाए गंभीर सवाल

# एक एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा

गांव बराड़ा में जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अंबाला की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 1 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। यह कॉलोनी खसरा नम्बर 134//26 (एम आई एन ) में विकसित की जा रही थी, जहां कॉलोनाइजर द्वारा प्लॉटिंग के साथ-साथ पक्की सड़कों का निर्माण भी कर दिया गया था। प्रशासन की इस कार्रवाई के दौरान अवैध कॉलोनी में बनाई गई पक्की सड़कों को पूरी तरह से तोड़ दिया गया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, कनिष्ठ अभियंता अभिषेक कौशिक, क्षेत्रान्वेषक रविंद्र तथा एसएचओ इंफोर्समेंट अपनी टीम और भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। पूरी कार्रवाई पुलिस सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक संपन्न करवाई गई। जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने मौके पर मौजूद लोगों को चेताते कहा कि कुछ भूमालिक और प्रॉपर्टी डीलर कॉलोनियों के "रेगुलर होने" का झूठा झांसा देकर भोले-भाले लोगों को प्लॉट बेच रहे हैं। आमजन से अपील की कि वे किसी के प्रलोभन में न आएं और केवल अधिकृत कॉलोनियों में ही निवेश करें। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों और निर्माणों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



बराड़ा। अवैध कालोनी में निर्माण को तोड़ते हुए जेसीबी। *फोटो : हरिभूमि*

### सवालों के घेरे में प्रशासन

लेकिन सवालों के घेरे में प्रशासन की भूमिका-जहां एक ओर प्रशासन इस कार्रवाई को अपनी सख्ती और सतर्कता का उदाहरण बता रहा है, वहीं दूसरी ओर कई गंभीर सवाल भी खड़े हो रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब यह अवैध कॉलोनी धीरे-धीरे विकसित हो रही थी, तब संबंधित विभाग आखिर क्या कर रहा था? करीब 1 एकड़ में प्लॉटिंग होना, सड़कों का निर्माण होना और लोगों को प्लॉट बेचे जाना — यह सब एक दिन में नहीं हुआ होगा। इसके बावजूद समय रहते कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई? लोगों का कहना है कि प्रशासन की कार्रवाई अक्सर तब होती है, जब कॉलोनी में लोग अपनी मेहनत की कमाई लगाकर प्लॉट खरीद चुके होते हैं। ऐसे में नुकसान सीधे तौर पर आम जनता को उठाना पड़ता है, जबकि कॉलोनाइजर और प्रॉपर्टी डीलर आसानी से बच निकलते हैं।

### मिलीभगत का लगाया आरोप

इस पूरे मामले में यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या बिना किसी स्थानीय स्तर की जानकारी या मिलीभगत के इतनी बड़ी अवैध कॉलोनी विकसित हो सकती है? क्या संबंधित अधिकारियों को इसकी भनक पहले से नहीं थी, या फिर जानबूझकर अनदेखी की गई? अगर समय रहते कार्रवाई की जाती, तो न तो लोगों का पैसा डूबता और न ही इस तरह की तोड़फोड़ की नौबत आती।

### सबसे बड़ा सवाल, अब पीड़ितों का क्या होगा?

कार्रवाई के बाद बड़ा नुकसान उन लोगों का हुआ है जिन्होंने इन प्लॉट्स में जिंदगी की जमा-पूंजी लगा दी। अब उनके सामने न तो जमीन सुरक्षित है और न ही पैसे वापस मिलने की कोई गारंटी। ऐसे में कुछ सवाल खड़े होते हैं कि क्या प्रशासन प्लॉट खरीदने वाले लोगों के नुकसान की भरपाई करेगा? क्या प्लॉट बेचने वाले कॉलोनाइजर और एजेंटों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई होगी? क्या भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कोई ठोस तंत्र विकसित किया जाएगा?

### अवैध कॉलोनियों को शुरुआती स्तर पर ही रोकना चाहिए

स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि प्रशासन को केवल तोड़फोड़ तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि अवैध कॉलोनियों को शुरुआती स्तर पर ही रोकना चाहिए। नियमित निगरानी, सख्त लाइसेंसिंग और पारदर्शिता के बिना इस तरह की घटनाएं लगातार होती रहेंगी। बराड़ा में हुई यह कार्रवाई भले ही अवैध निर्माण पर सख्ती का संदेश देती हो, लेकिन यह भी साफ करती है कि प्रशासन की कार्यप्रणाली में कहीं न कहीं गंभीर खामियां हैं।

## नियमित व्यायाम मानसिक और शारीरिक विकास दोनों के लिए आवश्यक: डॉ. मलिक



# सतत विकास के लिए ग्रीन गवर्नेंस की अवधारणा महत्वपूर्ण : प्राचार्य

*हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला*

▪ विभिन्न सत्रों में कुल 52 शोधकर्ताओं ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए

डीएवी कॉलेज अंबाला शहर में बुधवार को ग्रीन गवर्नेंस और विकास का भविष्य विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी शारीरिक शिक्षा, राजनीति विज्ञान एवं पंजाबी विभाग द्वारा आईक्यूएसी के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसे उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा द्वारा अनुमोदित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और डीएवी गान के साथ हुआ। प्राचार्य प्रो. डॉ. आर.एस. परमार ने अतिथियों का स्वागत करते कहा कि सतत विकास के लिए ग्रीन गवर्नेंस की अवधारणा अत्यंत महत्वपूर्ण है। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. राजीव राणा ने विषय पर प्रकाश डालते हुए आमजन की भागीदारी वाली नीतियों पर जोर दिया। मुख्य वक्ता के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. अरविंद मलिक ने कहा कि नियमित व्यायाम मानसिक और शारीरिक विकास दोनों के लिए आवश्यक है तथा खेलों का उद्देश्य समग्र व्यक्तित्व विकास होना चाहिए। वहीं, प्रो. विकास सभरवाल ने ग्रीन गवर्नेंस की चुनौतियों पर चर्चा करते चेतावनी दी कि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो विकास का भविष्य प्रभावित हो सकता है। संगोष्ठी के ऑनलाइन तकनीकी सत्र की अध्यक्षता पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला के डॉ. हरीश कुमार ने की, जबकि ऑफलाइन सत्र की अध्यक्षता गवर्नमेंट कॉलेज, पंचकूला के प्रो. राममेहर और एसए जैन कॉलेज, अंबाला के प्रो. सुरेंद्र तंवर ने की। विभिन्न सत्रों में कुल 52 शोधकर्ताओं ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। समापन सत्र में पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के प्रो. डॉ. भारत ने प्रेरणादायक संबोधन दिया।

# नवनियुक्त सांसद बौद्ध का किया सम्मान

▪ अंबाला छावनी में सम्मान समारोह आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य कर्मवीर बौद्ध का अंबाला छावनी में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान अंबाला जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन एवं हरियाणा फाइनेंस कमेटी के पूर्व सदस्य ब्रह्मपाल राणा ने उन्हें मिठाई खिलाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरवीर सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। ब्रह्मपाल राणा ने कहा कि यह जीत केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि विचारधारा, विश्वास और संगठन की ताकत की जीत है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव के नतीजों ने साबित कर दिया है कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता और समर्पण से हर चुनौती को पार किया जा सकता है।



अंबाला। राज्यसभा सदस्य को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### कार्यकर्ताओं को ऊर्जा

कहा कि सफलता से कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मनोबल को नई ऊर्जा मिलेगी और प्रदेश की राजनीति में सकारात्मक बदलाव का रास्ता खुलेगा। राणा ने विश्वास जताया कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस और मजबूत होगी तथा आगामी चुनावों में सरकार बनाएगी। राणा ने यह भी कहा कि अंबाला जिले के लिए यह गौरव की बात है कि अब जिले की आवाज संसद के दोनों सदनों में गूंजेगी—एक लोकसभा में और दूसरी राज्यसभा में। उन्होंने इसे जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं के निरंतर संघर्ष का परिणाम बताते हुए कहा कि यह भविष्य की राजनीति को नई दिशा देगा।

# वर्तमान समय में एआई व डिजिटल मार्केटिंग का ज्ञान जरूरी: डॉ. उमेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शहजादपुर

गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कॉलेज अंबाला कैंट की पहल पर रा.महिला कालेज, में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं डिजिटल मार्केटिंग विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आधुनिक तकनीकों और उनसे जुड़े करियर अवसरों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में जीएमएन कॉलेज के कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं मैनेजमेंट विभाग के सहायक प्राध्यापकों ने एआई के उपयोग, डिजिटल मार्केटिंग के महत्व तथा इन क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी।



कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी।

### नई संभावनाएं बताई

वक्ताओं ने सरल भाषा में तकनीकी विषयों को समझाते छात्राओं को नई संभावनाओं से अवगत कराया। प्राचार्य डॉ. उमेश भारती ने कहा कि वर्तमान समय में एआई और डिजिटल मार्केटिंग का ज्ञान अत्यंत आवश्यक हो गया है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को नई तकनीकों से जोड़ते हैं और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करते हैं। वहीं जीएमएन कॉलेज, अंबाला कैंट के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने संदेश में कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों के प्रति जागरूक कर उन्हें रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञान और कौशल में वृद्धि करते हैं।

## राजस्थान के भाटों के दस्तावेजों के अनुसार मंदिर का निर्माण वर्ष 1426 में करवाया था

# मुलाना में आस्था का अद्भुत केंद्र: सैकड़ों वर्षों पुराना मां बाला सुंदरी मंदिर, नवरात्रों में उमड़ेगा श्रद्धालुओं का सैलाब



मुलाना स्थित प्राचीन मंदिर में पिंडी रूप में विराजमान मां बाला सुंदरी। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुलाना

मुलाना क्षेत्र में स्थित मां बाला सुंदरी मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है, बल्कि अपने भीतर सैंकड़ों वर्षों का इतिहास और लोकविश्वास भी समेटे है। राजस्थान के भाटों के दस्तावेजों के अनुसार इस मंदिर का निर्माण वर्ष 1426 में कराया गया था और तभी से स्थल श्रद्धालुओं के लिए अटूट विश्वास का प्रतीक बना हुआ है। मंदिर में माता बाला सुंदरी पिंडी रूप में विराजमान हैं, जिनके दर्शन के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं। विशेषकर नवरात्रों के दौरान यहां भव्य मेले का आयोजन होता है, जो पहले नवरात्रे से चतुर्दशी तक चलता है। इस वर्ष मेला 19 मार्च से 2 अप्रैल (हनुमान जयंती) तक आयोजित होगा। मेले के दौरान धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला भी जारी रहेगी। 25 मार्च को सप्तमी के अवसर पर मंदिर परिसर में हवन-यज्ञ किया जाएगा। 26 मार्च से रामायण पाठ शुरू होकर 27 मार्च को राम नवमी के दिन सम्पन्न होगा, जिसके साथ भव्य कीर्तन का आयोजन भी होगा।

*▸▸ 30 मार्च को मां भगवती का जागरण आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक पवन डागर और गायिका सुरभि शर्मा प्रस्तुतियां देंगे। वहीं 31 मार्च को कुश्ती दंगल और 2 अप्रैल को पूर्णिमा के दिन हनुमान जयंती मनाई जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर समिति ने व्यापक इंतजाम किए हैं। निशुल्क ठहरने के लिए कमरे, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मंदिर में 40 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।*

### हर मन्नत पूरी करती हैं मां

स्थानीय मान्यता के अनुसार मां बाला सुंदरी के दरबार में जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से मन्नत मांगता है, उसकी इच्छा अवश्य पूरी होती है। मन्नत पूरी होने पर भक्त दण्डवत प्रणाम करते मंदिर पहुंचते हैं और भंडारे का आयोजन करते हैं। नवरात्रों में मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठता है ।

### प्लेग से मुक्ति की अद्भुत कथा

मंदिर से जुड़ी प्रचलित दंतकथा के अनुसार सैंकड़ों वर्ष पहले मुलाना क्षेत्र में प्लेग की भयंकर बीमारी फैल गई थी, जिससे रोजाना कई लोगों की मृत्यु हो रही थी। पूरे गांव में भय का माहौल था। इसी दौरान मारकंडा नदी के किनारे एक चूड़ी बेचने वाले को एक दिव्य कन्या के दर्शन हुए, जिसने उससे चूड़ियां पहनाने की जिद की और तीन भुजाएं दिखाईं। गांव वालों ने इसे मां भगवती का स्वरूप माना।

### इतिहास भी देता है गवाही

राजस्थान के भाटों के अनुसार मुलाना कस्बे की स्थापना वर्ष 1422 में हुई थी और वर्ष 1425 में गांव के नम्बरदार सोराज सिंह को माता ने स्वप्न में दर्शन दिए थे। इसके बाद 1426 में मंदिर का निर्माण कराया गया। यह विवरण आज भी भाटों के दस्तावेजों में सुरक्षित है।